तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

11 आज से नवरात्रि शुरू, झरझरा में 7 सौ से ...



12 खराब सड़कें बनी परेशानी का सबब नवरात्रि में ...





# नवरात्रि का आगाज, ढोल-धुमाल के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं पंडालों में पहुंचीं

## आज से नवरात्रि की धूम, देवी मंदिरों और पंडालों को आकर्षक लाइट से सजाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवरात्रि शुरू होने से एक दिन पहले ही, नवापारा शहर में भक्ति का माहौल छा गया। देवी मां के भक्त ढोल-धुमाल के साथ प्रतिमाओं को पंडालों तक लेकर गए। शहर के प्रमुख चौराहों पर भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। समितियों के सदस्य नवरात्रि को खास बनाने में जी-जान से जुटे हैं। रविवार शाम को जब धुमाल की धुन पर प्रतिमाएं गाड़ियों में ले जाई जा रही थीं, तब मेन रोड के किनारे लोग घरों से बाहर निकलकर उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े। इस बार भक्तों में खासा उत्साह दिख रहा है। पंडालों के अलावा, नवापारा के मां काली मंदिर में भी नवरात्रि की भव्य तैयारियां चल रही हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारी और सदस्य साफ-सफाई, रंग-रोगन और ज्योति कलश सजाने में लगे हैं। आज, 22 सितंबर से नवरात्रि शुरू हो रही है, जिसके लिए भक्त ज्योति कलश प्रज्वलित कराने के लिए अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। मां काली मंदिर के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के बीच ज्योति प्रज्वलित और घट स्थापना की जाएगी। शनिवार को पंचमी और 30 सितंबर को अष्टमी का हवन और पूर्णाहुति होगी। 1 अक्टूबर को कुंवारी कन्याओं को भोज कराया जाएगा।





### राजिम के प्राचीन मंदिरों में भी तैयारियां

राजिम के सुप्रसिद्ध और प्राचीन मां महामाया मंदिर में भी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज, 22 सितंबर को, पुजारी ठाकुर बलदाऊ सिंह और पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिजीत मुहूर्त में दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इस काम में मां महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु और अन्य सदस्य लगे हुए हैं। इसके अलावा, आमापारा स्थित मां ब्रह्मचारिणी दरबार में भी भगत भरतलाल साहू के सानिध्य में ज्योति कलश स्थापना की तैयारी है। गायत्री मंदिर, खंडोबा मंदिर, मां चंडी, घटोरिया माता, सत्ती माता और कचना धुरवा देवी मां के मंदिरों में भी ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम्।

## राहत : तंबाखू, शराब एवं ऑनलाइन गेमिंग में कोई परिवर्तन नहीं

# जीएसटी दरों में बदलाव, आज से घरेलू सामान और इंश्योरेंस प्रीमियम हुए सस्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आज 22 सितंबर नवरात्र के पहले दिन से जीएसटी की नई दर लागू की जा रही है। इसे जीएसटी 2.0 के नाम से जाना जाएगा। जीएसटी सुधार के बाद रोजमर्रा की जरूरत के समान घरेलू उपकरण और छोटी कार सस्ती होगी। त्यौहारी सीजन में जीएसटी के दरो में कटौती को बाजार में व्यापारियों एवं ग्राहकों के लिए लाभदायक माना जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि जीएसटी दर में बदलाव से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। देश के प्रत्यक्ष कर प्रणाली में जीएसटी 2.0 को ऐतिहासिक बदलाव माना जा रहा है। अब जीएसटी के दो मुख्य दर 5% और 18 प्रतिशत ही रहेगी। किंतु शराब, तंबाकू जैसे हानिकारक चीजों पर 40% स्पेशल फ्लैट लागू होगा। शराब ,तंबाखू महंगी ही रहेगी। उपभोक्ताओं को 22 सितंबर से जरूरत की वस्तुएं सस्ता होने की उम्मीद है क्योंकि दैनिक उपयोग से ऑटोमोबाइल तक कई सेक्टर ने पहले ही घोषणा कर दी कि वह कम जीएसटी का सीधा फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाएंगे। रोजमर्रा की जरूरत की चीज जैसे कई उपकरण घरेलू उत्पाद पर 12 परसेंटेज जीएसटी ▶▶| शेष पेज 10 पर





### टू व्हीलर होंगे सस्ते

*ऑटोमोबाइल सेक्टर में जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा फायदा, पुरानी गाड़ी को मिलेगी कम कीमत सबसे खास बात यह है कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को जीएसटी सुधार लागू होने से सबसे बड़ा फायदा होने की उम्मीद है 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता के साथ आने वाली छोटी कारों पर 28% की जगह 18% टैक्स लगेगा। टू व्हीलर भी जीएसटी कार्ड से सस्ते होंगे और इससे भारत की मोबिलिटी सेक्टर में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद है। वही लग्जरी कारों में और एसयूवी पर अब पहले से ज्यादा टैक्स लगेगा। लेकिन टेक्स हटाने से इन कारो को भी पहले से कम दाम पर बेचा जा सकेगा। छोटी कारों और दोपहिया वाहनों पर कम टैक्स से इन सेक्टर की मांग फिर से बढ़ सकती है। ऑटो कंपनी जैसे मारुति सुजुकी, हुंडई और टाटा मोटर्स, नेक्सॉन को इससे फायदा होने की उम्मीद है। जीएसटी 2.0 लागू होने से पुरानी गाड़ी के एजेंट एवं वाहन मालिकों की बिक्री प्रभावित होगी। चूंकि नए कार सस्ते हो जाएंगे लिहाजा पुराने गाड़ियों की कीमत भी कम में मिलने लगेगी।*

### इंश्योरेंस और फाइनेंशियल सर्विस परपज जीएसटी का होगा असर

अभी इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगता है इसे मिडिल क्लास के लिए खरीदना काफी महंगा पड़ता है लेकिन जीएसटी 2.0 लागू होने से इंश्योरेंस प्रीमियम सस्ता हो जाएगा क्योंकि इसे सारे टैक्स से बाहर दायरे में रखा गया है। लाइफ इंश्योरेंस एवं हेल्थ इंश्योरेंस में प्रीमियम की राशि घटेगी।

### नई गाड़ियों की कीमतों में आएगी कमी

शहर के कुछ गैरेज और ऑटोमोबाइल्स के संचालकों जो पुरानी गाड़ियों की खरीदी-ब्रिकी करने का काम करते है वे मायुस है क्योंकि सेकेण्ड हेंड गाड़ियो को वे मॉडल देखकर ज्यादा कीमत पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए खरीद तो लिए है लेकिन जीएसटी कम होने से उनका व्यापार बहुत प्रभावित होने वाला है। क्योंकि नई गाड़ियों की कीमत ऐसे ही कम पड़ेगी तो पुरानी गाडियों को खरीदने के लिए ग्राहक अपना दिमाग क्यों लगाएगा? शहर में पुरानी गाड़ियों के खरीदी-ब्रिकी के लिए कई सेंटर है जहां बड़ी संख्या में पुरानी गाड़ियां रखी हुई है। आज नवरात्रि के पहला दिवस से गाड़ियो के खरीदी-ब्रिकी का काम रस पकड़ेगा।

# ग्राम पंचायत कौंदकेरा में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

हमेशा सुर्खियों में रहने वाला ग्राम पंचायत कौंदकेरा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस बार मामला साल 2022-23 से अब तक के आय-व्यय का हिसाब न देने से जुड़ा है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पूर्व सरपंच गणेश डहरिया ने अपने कार्यकाल में शाला विकास समिति के अध्यक्ष का प्रभार अपने पास रखा था, जिसमें तोरण साहू कोषाध्यक्ष और बलदाऊ यादव सचिव थे।

पंचायत चुनाव के बाद, नवनिर्वाचित महिला सरपंच राधिका मनोज यादव ने शाला विकास समिति का अध्यक्ष पद संभाल लिया है। हालांकि, पूर्व पदाधिकारियों द्वारा अभी तक समिति का हिसाब नहीं दिया गया है। बार-बार बैठकों में बुलाने के बावजूद उनके न आने से ग्रामीण लाखों रुपए के घोटाले की आशंका जता रहे हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व सरपंच गणेश डहरिया पिछले 15 दिनों से रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने जहर का सेवन कर लिया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि लगातार हिसाब मांगे जाने के दबाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया होगा। यह भी खबरें हैं कि जहर सेवन से पहले स्कूल में कुछ पदाधिकारियों के साथ गुप्त मीटिंग हुई थी। हालांकि, जहर खाने की असली वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का मानना है कि पूर्व सरपंच के आने के बाद ही हिसाब-किताब स्पष्ट हो पाएगा।

### शाला विकास समिति की 18 एकड़ जमीन

शाला विकास समिति कौंदकेरा के पास 18 एकड़ खेत है, जिसमें दो फसल धान उगाई जाती है। किसानों द्वारा प्रति क्विंटल 11 के हिसाब से शाला विकास समिति को दिया जाता है, जो समिति की मुख्य आय का स्रोत है।

## खबर संक्षेप

### उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर ग्रामीणों ने की नए भवन की मांग



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर क्षेत्र में आज भी कई गांवों में सरकारी योजनाओं को लागू करने में भारी दिक्कतें आती हैं, जिसका मुख्य कारण है इमारतों की कमी। तहसील मुख्यालय से सिर्फ 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत भाठीगढ़ में उप स्वास्थ्य केंद्र की इमारत बेहद जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस जर्जर भवन की जगह नया भवन बनाने की मांग करते-करते थक चुके हैं। नया भवन बनाने के लिए अनुमानित लागत (एस्टीमेट) भी भेजा जा चुका है, लेकिन आज तक कोई राशि मंजूर नहीं की गई है। इस वजह से, स्वास्थ्य केंद्र का यह पुराना भवन अब सांप और बिच्छुओं का डेरा बन गया है। स्थानीय लोगों ने जानकारी दी है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पिछले तीन-चार सालों से एक किराए के मकान में चल रहा है। इस अस्थाई व्यवस्था के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने एक बार फिर शासन और प्रशासन से एक नया और सुरक्षित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

### जंगल से भटककर जंगली हाथी पहुंचा मैनपुर के नजदीक ग्रामीणों दहशत



**मैनपुर।** जंगल से भटककर एक जंगली हाथी मैनपुर नगर के करीब पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। इस हाथी ने कई किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुँचाया है। जानकारी के अनुसार, हाथी शाम 4 बजे नेशनल हाईवे पार करके फूलझर डेम होते हुए नवमुड़ा जाडापदर जंगल की तरफ गया। इसके बाद, खेतों को नुकसान पहुंचाते हुए सिहार लूठापारा जंगल से पहाड़ी की ओर बढ़ रहा है। मैनपुर के वन परिक्षेत्र अधिकारी छबि ध्रुव ने बताया कि एक जंगली हाथी गोबरा भाठीगढ़ होते हुए भटककर मैनपुर के नजदीक पहुंच गया था, जो अब पहाड़ी की ओर जा रहा है। वन विभाग के कर्मचारी लगातार इस हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। रेंजर ने यह भी बताया कि वन विभाग फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर रहा है और जल्द ही प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

# जोगेश्वरनाथ शिव मंदिर में चोरी श्रद्धालुओं में रोष, पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की

**छुईहा बेलर।** धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव के केंद्र, जोगेश्वरनाथ शिव मंदिर, जोगीडीपा में पूजा-अर्चना के बर्तनों की चोरी होने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। इस घटना को न केवल चोरी, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य माना जा रहा है। यह चोरी शनिवार की रात हुई, जिसमें चोरों ने मंदिर से घंटा, शेषनाग, 3 पीतल की बाल्टियाँ, 5 पीतल के लोटे, एक पीतल की थाली और एक गूंडी चुरा ली। मंदिर समिति और आसपास के श्रद्धालुओं ने इस घटना पर दुख और गुस्सा व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम पटेल तोरण साहू, युवा अध्यक्ष राजेंद्र यादव और रमेश यादव ने कहा कि ऐसी घटनाएं धार्मिक स्थलों की गरिमा को कमजोर करती हैं। उन्होंने फिंगेश्वर थाना में आवेदन देकर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने और कड़ी सजा देने की अपील की। थाना प्रभारी गौतम धौवड़े ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा। चरौदा से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यह सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि आस्था पर हमला है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को तुरंत जांच कर दोषियों को पकड़ना चाहिए और समाज को भी अपने धार्मिक धरोहरों की सुरक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।



### सुरक्षा बढ़ाने की अपील

समाज के जागरूक नागरिकों ने भी अपील की है कि सभी लोग एकजुट होकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# बजाज शो रूम में चोरी, नई पल्सर ले उड़े चोर

**नवापारा-राजिम।** इस अंचल का सबसे बड़े व्यापारिक शहर नवापारा में पुलिस की तगड़ी गश्त के बावजूद चोरी की घटनाएं निरंतर हो रही है। बीती शनिवार-रविवार की दरमियानी रात रायपुर-राजिम मेन रोड में चंपारण चौक के पहले बजाज शो रूम में दो अज्ञात चोर जो लाल-नीला रंग का चेक शर्ट पहना है। मुंह उनका खुला हुआ है, मतलब कोई नकाब नहीं लगाया है। हाइट लगभग 5 फीट 7 इंच है। दूसरा चोर मुंह में गमछा लपेटा हुआ है उनका हाइट लगभग 5 फीट 3-4 इंच का है। दोनो दुबले-पतले है। 2 बजकर 5-6 मिनट में वे रोड पर टहलते हुए रेकी करते हुए दिखाई पड़ रहे है। इसके तुरंत बाद वे शो रूम के पास ही गंगा ईमली झाड़ के बीच से जाकर ताला तोड़ते है, फिर शटर उठाते है और कांच फोड़कर अंदर घुस जाते है। शो रूम में वे नई बजाज की पल्सर एन एस 160 कीमत 1 लाख 25 हजार रूपए की गाड़ी को अलग निकालते है और सर्विसिंग के लिए जो गाड़ी आए रहती है उन पांच- छह गाड़ियो से पेट्रोल निकालकर इस नई गाड़ी में डालते है। चूंकि हर नई गाड़ियो में पेट्रोल तो रहता नही। इसके साथ ही सीसी टीवी के डीबीआर जो ऊपर विशेष जगह रहता है वहां पहुंचकर चीफ को निकालकर रख लेते है और गाड़ी स्टार्ट कर फरार हो जाते है। इस तरह शो रूम के भीतर वे पेट्रोल निकालने में और अन्य जगह तलाशी में 1 घंटा 3 मिनट का समय लगाते है। अपने आपमें ऐसे दुस्साहसी चोरो को दाद देना पड़ेगा जो मेन रोड में शो रूम के भीतर घुसने के बाद बहुत आराम के साथ अपने कारनामो को अंजाम देते है। बता दें कि इस शो रूम के पास और भी दीगर मोटरगाड़ियों का शो रूम है। सड़क के दूसरी ओर लोग निवास भी करते है बावजूद इस घटना की भनक किसी को नहीं लगने पाई। खास बात यह है कि जिस वक्त रात 3 बजकर 11 मिनट पर चोर नई बाइक को लेकर रायपुर मार्ग पर फरार होते है ठीक उसी समय पुलिस की पीसीआर वाहन सायरन बजाते हुए नजर आ रही है। लेकिन पुलिस को भी क्या मालूम कि चोर उनके सामने से जा रहा है। शो रूम संचालक के मुताबिक कोई भी जानकार ही चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है क्योंकि सीसी टीवी का डीबीआर कहां पर है उसे पहले से मालूम था। बहरहाल नवापारा पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज कर एसआई सुनील कश्यप चोरी के इस घटना की तहकीकात कर रहे है। पुलिस को पूरी उम्मीद है कि चोर को बहुत जल्द दबोच लिया जाएगा। चोरी की इस बड़ी घटना को लेकर शहर के व्यापारियो एवं लोगों में एकबारगी दहशत का वातावरण कायम हो गया है। शहरवासियो ने पुलिस के गश्त को और भी ज्यादा मजबूती के साथ बढ़ाए जाने की मांग की है साथ ही रात में घुमने वाले चोर उचक्के, गुंडा-बदमाशो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग किया है।

- पहले शटर के दोनों ताला तोड़ा, फिर शो रूम के कांच को पत्थर से फोड़े और अंदर घुसे



## जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत मैराथन का भव्य आयोजन

# 50 से अधिक बच्चों ने मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 और नशामुक्त भारत अभियान के तहत आज गरियाबंद नगर में एक भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज को नशे के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया। मैराथन का शुभारंभ गांधी मैदान से हुआ और यह इंडोर स्टेडियम गरियाबंद तक चली। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव और वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया, जिनके जोश और उत्साह ने नगरवासियों का मन मोह लिया। दौड़ के दौरान सड़कों पर मौजूद लोगों ने तालियों से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

### पुरस्कार वितरण समारोह और जागरूकता संदेश

मैराथन के समापन पर इंडोर स्टेडियम में एक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें 20 बालक और 20 बालिकाओं को उनके प्रदर्शन के लिए पदक और प्रमाण पत्र दिए गए। समारोह में अतिथियों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए नशामुक्त भारत अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को खेलकूद, शिक्षा और रचनात्मक कार्यों में लगाने का आग्रह किया। अतिथियों ने कहा कि ये पुरस्कार केवल जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि एक प्रेरणा हैं कि युवा जीवन भर नशे से दूर रहें और स्वस्थ व सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर सभी बच्चों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों को नशामुक्त भारत का संकल्प भी दिलाया गया। समारोह में पार्षद सूरज सिन्हा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर और अन्य अधिकारी व नागरिक मौजूद थे।

# पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचा, दो मोटरसाइकिल बरामद

**मैनपुर।** मैनपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। ये दोनों आरोपी वाहन चोरी और लूट जैसे कई मामलों में पहले भी शामिल रहे हैं। 21 सितंबर, 2025 को मैनपुर पुलिस की एक पेट्रोलिंग टीम धवलपुर की ओर जा रही थी। दबनई नाले के पास उन्हें एक काले रंग की स्पलेंडर मोटरसाइकिल (क्रमांक CG 04 L 6411) पर सवार दो लोग संदिग्ध लगे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया।




पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम ननचू उर्फ फलेश्वर उर्फ फनेश्वर बघेल (निवासी गरियाबंद) और शुभम सोनी (निवासी रायपुर) बताया। जब उनसे मोटरसाइकिल के दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में पूछा गया तो वे कुछ नहीं दिखा पाए और उन्होंने यह स्वीकार किया कि वाहन चोरी का है। उनकी निशानदेही ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### कबड्डी स्पर्धा में अभनपुर टीम की शानदार जीत

**अभनपुर।** दुर्गा महाविद्यालय रायपुर मे आयोजित दो दिवसीय परिक्षेत्र स्तरीय पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता मे शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल कॉलेज अभनपुर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये चैपिंयनशिप अपने नाम की। क्रीडा प्रमुख वीरेन्द्र जांगड़े ने बताया कि प्रतियोगिता मे 29 महाविद्यालयो ने भाग लिया ,फाइनल मुकाबला शासकीय कॉलेज अभनपुर व शिक्षा स्नातक कॉलेज मांढर के बीच खेला गया जिसमे अभनपुर टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुये जीत हासिल की।

## निधन

### बाहर राम यादव

**पांडुका।** समीप ग्राम पंचायत रजनकटा निवासी बाहर राम यादव 70 वर्षीय का निधन 21 सितंबर को हो गया। जिसका संस्कार गृह ग्राम



रजनकटा के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे बाहर राम यादव उत्तम यादव, मुकेश यादव एवं कौशल यादव पिताजी थे और चीकू, पुरब, सिद्धार्थ एवं आदित्य यादव के दादाजी थे।

## आस्था : राजिम में नवरात्रि की धूम, मूर्तिकार रमन ने 40 मूर्तियां बनाईं

# धर्मनगरी राजिम में मिट्टी से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा राजधानी में बिराजेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

22 सितंबर से शुरू हो रहे क्वांर नवरात्रि के लिए राजिम में तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के प्राचीन मां महामाया मंदिर और मां शीतला मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां चल रही हैं। इस बीच, मेला मैदान में मूर्तिकार रमन चक्रधारी और उनकी टीम देवी दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त है। इस बार भी मिट्टी से बनी दुर्गा प्रतिमाओं की मांग बहुत ज्यादा है। गांव-गांव में दुर्गा पूजा समितियों की भीड़ रमन के तंबू में लगी हुई है। रमन चक्रधारी राजिम में एक से बढ़कर एक सुंदर मूर्तियां बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी बनाई प्रतिमाएं राजिम और आसपास के गांवों के अलावा रायपुर, धमतरी, अभनपुर, फिंगेश्वर और अन्य ग्रामीण इलाकों में भेजी जा रही हैं।





रमन चक्रधारी ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि इस साल उन्होंने 40 दुर्गा प्रतिमाएं बनाई हैं, जिनमें 15 से 17 फीट तक की बड़ी मूर्तियां भी शामिल हैं। वे पिछले 5 महीने से मूर्ति गढ़ने में लगे हुए हैं और उनके साथ कई कलाकार भी इस काम में जी-जान से जुटे हैं। रमन ने कहा कि उन्हें सैकड़ों मूर्तियों के ऑर्डर मिले थे, लेकिन समय की कमी के कारण वे सभी पूरे नहीं कर सके। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि वे इस बार बस्तर के जगदलपुर से आए भक्तों की मांग पूरी नहीं कर पाए, जिन्हें गणेश जी की मूर्ति ले जानी थी। रमन ने बताया कि उनकी 15 फीट की एक बड़ी मूर्ति रायपुर के सुंदरनगर भेजी गई है।

### कला की खासियत और ग्राहक की पसंद

रमन चक्रधारी की कला की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे जिस मिट्टी को छूते हैं, उसे देवी-देवताओं का रूप दे देते हैं। वह पिछले 30 सालों से इस कला में लगे हैं। वे बताते हैं कि शुरू में उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि उनकी कला इतनी लोकप्रिय हो जाएगी। वे अपने ग्राहकों की पसंद के अनुसार मूर्तियों को सजाते हैं। मुकुट, साड़ी, स्टोन, मोती, और अन्य सामग्री का उपयोग कर मूर्तियों को आकर्षक रूप दिया जाता है। कुछ ग्राहक तीन शेरों वाली देवी की मूर्ति पसंद करते हैं, तो कुछ एक या दो शेर वाली, और रमन उनकी हर मांग को पूरा करते हैं। इस बार भारी भरकम प्रतिमाएं भी बनाई गई हैं। रमन केवल दुर्गा ही नहीं, बल्कि लक्ष्मी, काली, गणेश और विश्वकर्मा की मूर्तियां भी बनाते हैं, जो शहर और गांवों में बहुत पसंद की जाती हैं।

# आज से शारदीय नवरात्रि शुरू मां जगदंबे होंगी विराजमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शारदीय नवरात्र का पावन पर्व आज, सोमवार 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही, गरियाबंद जिले के विभिन्न देवी पंडालों में जगत जननी मां जगदंबे विराजमान होंगी। पूरे जिले में माता के भव्य दरबार सजाए गए हैं और माहौल भक्तिमय हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्त माता के स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं, जबकि मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। जिले के प्रसिद्ध जतमाई, घटारानी और गरजई माता मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन ज्योति-जंवारा प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, साफ-सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की है।

### आकर्षक पंडाल और धार्मिक कार्यक्रम

*जिले भर में बनाए गए दुर्गा पंडालों में इस बार आकर्षक थीम पर सजीव प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। कहीं मां का महिषासुर मर्दिनी रूप दिखेगा, तो कहीं शक्ति और भक्ति का संगम। इन पंडालों में भक्तिमय माहौल को बढ़ाने के लिए जगराते, भजन संध्या और डांडिया रास जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन नौ दिनों तक पूरा वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गूंजता रहेगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां जगदंबे की आराधना से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। यही कारण है कि नवरात्रि में न केवल जिले के बल्कि पड़ोसी इलाकों और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में भक्त गरियाबंद पहुंचते हैं।*

# यूरिया का अवैध भंडारण पकड़ा, दुकानदार ने दिया गुमराह करने वाला जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर के उरमाल गांव में 12 सितंबर को दो घरों से अवैध रूप से भंडारित 80 बोरी यूरिया खाद जब्त की गई थी। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। यूरिया के कारोबारी राजकुमार अग्रवाल ने कार्रवाई से बचने के लिए इसे किसानों को बेचा हुआ बताकर बिल पेश किया है, लेकिन कृषि विभाग ने उसके जवाब को संतोषजनक नहीं माना है। ओडिशा की सीमा से लगे उरमाल गांव में अवैध रूप से उर्वरक खाद के भंडारण की सूचना पर 12 सितंबर को तहसीलदार सुशील भोई और कृषि विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की थी। इस दौरान कौशल्या पांडे के घर से 50 बोरी और अरुण कुमार सिन्हा के घर से 30 बोरी यूरिया जब्त की गई। दोनों मकान मालिकों ने अपने बयान में बताया था कि यह यूरिया उरमाल के कारोबारी राजकुमार अग्रवाल का है। इसके बाद, उर्वरक निरीक्षक अनिल सलामे ने अग्रवाल के जगदंबा ट्रेडर्स का लाइसेंस 21 दिन के लिए निलंबित कर दिया था और मामला उपसंचालक कृषि कार्यालय में पेश किया था।





### दुकानदार का जवाब और तकनीकी पेंच

नोटिस मिलने पर दुकानदार राजकुमार अग्रवाल ने गरियाबंद उपसंचालक कार्यालय में अपना जवाब पेश किया। उसने दावा किया कि 80 बोरी यूरिया 6 से 7 किसानों को बेची गई थी और इसके समर्थन में बिल भी दिए। लेकिन, उसके इस दावे में एक बड़ा तकनीकी पेंच फंस गया। बिल पर 13 सितंबर की तारीख थी, जबकि विभाग की कार्रवाई 12 सितंबर को हुई थी। कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन रॉय ने बताया कि जवाब का परीक्षण किया जा रहा है और अगर यह संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित फर्म का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

### अवैध कारोबार और मुनाफाखोरी

स्थानीय स्तर पर यूरिया की सरकारी सप्लाई मांग के अनुसार नहीं हो पा रही थी, जिसका फायदा कुछ कारोबारी उठा रहे थे। उरमाल में 266 रुपये की यूरिया 900 से 1100 रुपये तक में बेची जा रही थी। किसान, खासकर देवभोग क्षेत्र से भी, यहाँ आकर यूरिया खरीदते थे। कार्रवाई से बचने के लिए कारोबारी यूरिया को दूसरे लोगों के घरों में छिपाकर रखते थे। हालांकि, इस छापेमारी के बाद अवैध कारोबार पर कुछ हद तक लगाम लग गई है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि मुनाफाखोरी और अवैध भंडारण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष...

### जीएसटी दरों में...

लगता था। उन्हें 5% में लाया गया है। टूथपेस्ट, साबुन, शैंपू, बिस्किट, स्नैक्स, जूस फूड प्रोडक्ट, घी, मक्खन, डेरी आइटम साइकिल, स्टेशनरी, कपड़े, फुटवियर मध्यम वर्ग के लोगों के लिए उपयोग किए जाने वाली रोजमर्रा इस्तमाल की चीजें की कीमत में छूट से महीने का कुल बचत बढ़ जाएगा। इसके अलावा घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक भी सस्ते हो जाएंगे।

### पुलिस ने दो...

पर पुलिस ने चोरी की एक और मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 08 एन 7652) को सिकासेर चौक के पास से बरामद किया।

**आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड**–दोनों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने के बाद, मैनपुर थाने में उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों ही आदतन अपराधी हैं, जिनके खिलाफ पहले भी चोरी और लूट जैसे कई मामले दर्ज हैं। ननचू उर्फ फलेश्वर पर मैनपुर और गरियाबंद के अलावा रायपुर के तेलीबांधा थाने में भी कई अपराध दर्ज हैं, जिनमें वाहन चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। शुभम सोनी के खिलाफ भी रायपुर के पुरानी बस्ती और पंडरी थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आगजनी, तोड़फोड़ और लापरवाही से गाड़ी चलाने जैसी धाराएं शामिल हैं। इस पूरी कार्रवाई में मैनपुर पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।




**खबर संक्षेप**

## भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण आज





**छुईहा बेलर।** संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा के आशीर्वाद और साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के सहयोग से ग्राम बोरिद के डोंगेश्वर धाम में एक भव्य माता कर्मा मंदिर का निर्माण हुआ है। इस पावन अवसर पर 22 सितंबर को मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ एक सामुदायिक भवन और टीना शेड का लोकार्पण कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के अध्यक्ष मनोहर साहू और संरक्षक कुंजन साहू ने बताया कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य यजमान राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत गोवर्धन शरण व्यास, सरपंच बोरिद हूमन सिन्हा, सरपंच सरकड़ा अमिता मनोज यदू और अन्य सामाजिक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम से एक दिन पहले, 21 सितंबर को, साहू समाज और समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर एक भव्य कलश यात्रा निकाली। इस यात्रा में सिर पर कलश धारण कर माता कर्मा और राजिम भक्तिन माता का जयकारा लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। मनोहर साहू ने कहा कि यह आयोजन समाज की आस्था, एकता और सहयोग की एक मिसाल है। यह ऐतिहासिक अवसर साहू समाज के लिए हर्ष और गौरव का विषय है।

**आस्था : मां झरझरा मंदिर में भव्य श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन**

# आज से नवरात्रि शुरू, झरझरा में 7 सौ से अधिक दीप प्रज्ज्वलित होंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गरियाबंद जिले से लगभग 45 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच बसे मुरमुरा गांव की डोंगरी पहाड़ी पर स्थित मां झरझरा मंदिर, शारदीय नवरात्र के अवसर पर भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। झरने की मधुर ध्वनि और देवी की उपस्थिति भक्तों को अपनी ओर खींच रही है। इस साल भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मनोकामना दीप जला रहे हैं। झरझरा विकास समिति ने इस वर्ष मंदिर को भव्य रूप से सजाया है और भक्तों के लिए रुकने व अन्य सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था की है। मान्यता है कि मां झरझरा अपने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं, यही कारण है कि यहाँ हर साल भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। इस वर्ष पहली बार मंदिर प्रांगण में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। गरियाबंद जिले के ही अमलीपदर निवासी और श्री जगन्नाथ मंदिर धाम के पुजारी, युवराज पांडे महाराज अपने मुखारविंद से आठ दिनों तक कथा का वाचन करेंगे। कथा का शुभारंभ 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। आयोजन समिति ने भक्तों के लिए पानी, भोजन और रुकने की सुविधा के साथ-साथ सुलभ शौचालयों का भी इंतजाम किया है। मंदिर के पास एक शानदार पिकनिक स्पॉट भी बनाया गया है। नौ दिनों तक भक्तों को भरपेट भोजन मिलेगा।

### सुरक्षा और व्यवस्था

कथा के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं। दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिससे वे अपने वाहन सुरक्षित रख सकें। इसके अलावा, भक्तों को अन्य सामानों के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए स्टॉल भी लगाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर, पांडुका और गरियाबंद पुलिस मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी। जंगली जानवरों से निपटने के लिए वन विभाग पांडुका ने भी पूरी तैयारी कर ली है।

### निशुल्क बस सेवा और दान

आयोजक समिति ने प्रदेश भर के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है। 23 सितंबर से भक्तों के लिए पांडुका, राजिम, फिंगेश्वर और छुरा के गांवों से होते हुए झरझरा मंदिर तक निशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। ये बसें सुबह 10 बजे अपने-अपने क्षेत्र से चलेंगी और शाम को भक्तों को वापस उनके स्थान तक सुरक्षित पहुंचाएंगी। क्षेत्र के लोगों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह है। अनेक गांवों और शहरों से दान प्राप्त हो रहा है, जिसमें पैसे, अनाज और श्रमदान शामिल है। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में कई बड़े सेलिब्रिटी और मंत्री भी शामिल हो सकते हैं।

# झरझरा मंदिर में आज से भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन




**छुईहा बेलर।** मां झरझरा जन कल्याण विकास समिति और आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से, झरझरा मंदिर परिसर में आज, 22 सितंबर से, एक भव्य भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 30 सितंबर तक चलेगा, जिसमें कथा का समय दोपहर 12 बजे से निर्धारित है। इस कथा के लिए राष्ट्रीय कथावाचक भगवताचार्य युवराज पांडे (जगन्नाथ पुजारी, अमलीपदर) को व्यास पीठ पर आसीन किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में प्रदेश के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, जैसे कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू और विजय शर्मा तथा विधायक रोहित साहू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। पूरे सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में, हर दिन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति संगीत, सत्संग और आरती की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजकों का मानना है कि यह कथा सप्ताह समाज में आध्यात्मिक जागृति लाएगा और नई पीढ़ी को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा।

### *समिति ने की अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील*

*वरिष्ठ समाजसेवी रूपसिंग साहू, समिति अध्यक्ष रिखु राम साहू (मुरमुरा), सरपंच दीपक ध्रुव (मुरमुरा), वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि ओमकार साहू, भाजपा नेता रामाधार साहू और पूर्व सरपंच मोती निषाद ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।*

# सांसद और विधायक ने की साइबर फ्रॉड से बचने की अपील




**गरियाबंद।** जिले में लगातार बढ़ रहे ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए, गरियाबंद पुलिस ने एक व्यापक साइबर जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। इस पहल में, महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी और राजिम के विधायक रोहित साहू ने भी नागरिकों को संदेश देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में सतर्क रहना ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। सांसद और विधायक दोनों ने लोगों से इन बातों का विशेष ध्यान रखने को कहा की किसी भी अनजान लिंक या फाइल को डाउनलोड न करें। अपना वन टाइम पासवर्ड किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होती। यदि कोई आपराधिक मामला बनता है, तो केवल पुलिस ही कानूनी कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो जाता है, तो उसे तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

### पुलिस और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त अपील

सांसद और विधायक ने बताया कि साइबर ठग लोगों को डराकर, लालच देकर या तकनीकी जाल में फंसाकर ठगी करते हैं। ऐसे में, हर नागरिक को न केवल खुद जागरूक रहना चाहिए, बल्कि दूसरों को भी इन खतरों के बारे में सचेत करना चाहिए। गरियाबंद पुलिस ने पुष्टि की है कि जिले भर में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि आम लोगों को साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से अवगत कराया जा सके।







संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि, ब्यूरोप्रमुख जिला - गरियाबंद, मो. 9993223300

**खबर संक्षेप**

## मौली माता मंदिर में सैकड़ों की संख्या में जलेंगे आस्था के ज्योत



**फिंगेश्वर।** 22 सितंबर को नगर और आस-पास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र पर्व की शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर विभिन्न पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। पूरे नौ दिनों तक माता की सेवा में जस गीत की धूम रहेगी। नगर के प्राचीन मौली माता मंदिर को रंग-रोगन कर सजाया गया है। यहां कलश कक्ष में आज आस्था के सैकड़ों ज्योति कलश जलाए जाएंगे। इसके साथ ही, कई जगहों पर ज्योत-जंवारा का आयोजन भी किया गया है। मनीष श्याम हरित और दर्रीपार में ठाकुरराम साहू के निवास पर भी ज्योत-जंवारा और ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए लोगों को आमंत्रित किया गया है। आज से शुरू हो रहा यह पर्व भक्ति और शक्ति का प्रतीक है। नगर के विभिन्न वार्डों में भी मां दुर्गा की प्रतिमाएं आज से विराजित होंगी।

**समस्या : मुख्य मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को दे रहे हैं आमंत्रण**

# खराब सड़कें बनी परेशानी का सबब नवरात्रि में भक्तों की बढ़ेगी मुश्किलें







हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

फिंगेश्वर और छुरा विकासखंडों के ग्रामीण इलाकों की सड़कें बदहाल हो चुकी हैं, जिन पर बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। इन खराब सड़कों की वजह से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अब शारदीय नवरात्र शुरू हो चुके हैं और जतमई, घटारानी और झरझरा जैसे मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। इन मंदिरों तक पहुंचने वाले मार्ग, जैसे फिंगेश्वर से बिजली, सिर्रीखुर्द, कुंडेल, तरीघाट, सहसपुर या कोपरा से भेंडरी, रवेली, और छुरा से फूलझर, जमाही, धुरसा पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। इसके बावजूद, संबंधित विभाग ने अभी तक इन सड़कों को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुरमुरा में स्थित झरझरा मंदिर में एक भव्य कथा का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ बड़ी संख्या में लोग इसी जर्जर मार्ग से होकर पहुंचेंगे। विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया है। यदि इन गड्ढों की मरम्मत कर दी जाए तो भक्तों को मंदिर तक पहुँचने में आसानी होगी और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकेगा।

### मरम्मत कार्य की धीमी गति

हालांकि कुछ मार्गों पर मरम्मत का काम चल रहा है, लेकिन तरीघाट और सहसपुर-कसेरूडीह मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द इन सड़कों की मरम्मत की जाए ताकि नवरात्र में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो।

# राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक खोमन का अभिनंदन



**छुईहा बेलर।** रविवार को संकुल केंद्र छुईहा में एक गरिमामयी एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक खोमन सिन्हा और जिला स्तर पर सम्मान प्राप्त करने वाले ठाकुर राम साहू का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता ठाकुर राम साहू ने की। मंच संचालन का दायित्व आशाकांत रजक ने निभाया और स्वागत उद्बोधन शिक्षक वीरेंद्र पवार द्वारा प्रस्तुत किया गया। सम्मान स्वरूप खोमन सिन्हा को शाल, श्रीफल, मोमेंटो, पेन एवं डायरी भेंट की गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गिरिवर लाल यादव ने कहा कि आप जैसे शिक्षकों के कारण ही संकुल का नाम पूरे राज्य में गौरव के साथ गूंज रहा है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। अपने भावपूर्ण संबोधन में शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा, /"सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं होता, बल्कि शिक्षा, संस्कार और समाज के सामूहिक प्रयासों का प्रतीक होता है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य महेंद्र साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संकुल प्राचार्य महेंद्र साहू, संकुल समन्वयक गिरिवर लाल यादव, गिरीश साहू, जगन्नाथ ध्रुव, यशोदा ध्रुव, जागेश्वरी ठाकुर, सरिता गायकवाड़, योगेश साहू, कमलेश साहू, हीरा सिंह यादव, राजकुमार सिन्हा, जमुना ध्रुव, वीरेंद्र ध्रुव, नरेंद्र कंवर, संतोष वर्मा, अखिलेश्वर वर्मा, जानकी सिदार, नीलम अंगारे, डोमार सिन्हा, सोमन साहू, रोहित ध्रुव, रामाधिन ध्रुव, फणेश्वर कंवर एवं दीपा साहू सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# टेंगनाबासा समिति की वार्षिक आम सभा में आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

जिला सहकारी लघु वनोपज समिति मर्यादित संघ गरियाबंद के निर्देशानुसार, बीते 19 सितंबर को टेंगनाबासा समिति के कार्यालय में वार्षिक सर्व साधारण आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य समिति के वर्ष भर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना और आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा करना था।

- **आय-व्यय, मृतक बीमा, छात्रवृत्ति चरण पादुका सहित अनेक विभागीय कार्यो की जानकारी ली**

आम सभा के मुख्य अतिथि वनोपज जिला प्रतिनिधि नीलकंठ सिंह ठाकुर थे, जबकि अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर ने की। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक प्रमिला ध्रुव, आमझर समिति के वरिष्ठ प्रबंधक नशरुद्दीन खान, कोठीगांव समिति के वरिष्ठ प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव, और टेंगनाबासा समिति के प्रभारी प्रबंधक केशव प्रसाद यादव व नवनियुक्त प्रबंधक रोमन नागवंशी सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

### आय-व्यय और कार्य योजनाओं पर चर्चा

बैठक में प्रबंधक नशरुद्दीन खान ने पिछले एक साल के आय-व्यय का लेखा-जोखा और आगामी कार्य योजनाओं को पढ़कर सुनाया। मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने तेंदूपत्ता संग्रहकर्ताओं को मिले लाभ, मेधावी छात्रों को दी गई छात्रवृत्ति और हितग्राहियों को मिले चरण पादुका की जानकारी ली। समिति के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर ने भी समिति के अंतिम शेष राशि की जानकारी मांगी, जिसका संतोषजनक जवाब पिछला प्रभारी प्रबंधक केशव यादव ने दिया।

### उपस्थित सदस्यों की जानकारी

कार्यक्रम में समिति के संचालक सदस्य, तेंदूपत्ता संग्रहकर्ता, फड़ मुंशी और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। इनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष चमार सिंह नागेश, उपाध्यक्ष आसिन बाई, नीलकंठ ठाकुर, सेवन लाल, मोहन लाल, धनेश ध्रुव, बुधराम ध्रुव, पूर्णिमा बाई, प्रेमलाल नायक, दौलत ठाकुर, फड़ मुंशी युगल किशोर, रेखाराम ध्रुव, सेवक राम, झुमुक लाल और अन्य कई सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव ने किया, जबकि नवनियुक्त प्रबंधक रोमन नागवंशी ने आभार प्रदर्शन किया।



# कोसरिया मरार समाज द्वारा लोहरसी में महिला प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

कोसरिया मरार समाज, छत्तीसगढ़ राजिम राज के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम लोहरसी में एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में समाज की महिलाओं के लिए एक ग्रामीण महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। जिसमें अध्यक्ष अनसुईया देवी पटेल कार्यकारी अध्यक्ष धनेश्वरी देवी पटेल संयोजक नंदकुमारी पटेल सह सयोजक सरोज देवी पटेल उपाध्यक्ष मीणा देवी पटेल, सपना पटेल कोसाध्यक्ष जीतेन्द्री देवी पटेल सचिव, रेखा देवी पटेल सह सचिव, पेमीन पटेल सालाहकार, शांति देवी पटेल, अहिमन देवी पटेल, सावित्री देवी पटेल को सर्व सम्मती से नियुक्त किया गया जिसमें कोसरिया मरार समाज के राज सदस्य हलधर पटेल पूर्व राज सदस्य कृष्ण कुमार पटेल, परसोत्तम पटेल, श्रवण पटेल, तुलसी पटेल और समाज के वरिष्ठ सामजिक गण उपस्थित रहे।

# जनजातीय समुदायों के लिए आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण में कलेक्टर भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला





जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जमीनी स्तर पर नेतृत्व तैयार करने के उद्देश्य संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण उपरांत 15 से 18 सितम्बर 2025 तक प्रत्येक क्लस्टर में एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में कलेक्टर बी एस उईके अंचल के ग्राम पंचायत कनसिंघी में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम छुरा रिशा ठाकुर , सरपंच सोनू भोजराज नागेश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्रामीणों की भी उपस्थित रही। प्रशिक्षण में आदि कर्मयोगी अभियान के कार्य योजना एवं योजनाओं के सैचुरेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री उड़के ने अधिकारी कर्मचारियों को गंभीरता पूर्वक ट्रेनिंग आयोजित कर योजना की जानकारी लोगों को देने के निर्देश दिए। साथ ही योजना के संबंध में सभी गतिविधियों से लोगों को अवगत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र के लोगों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने आदि कर्म योगी अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों की भागीदारिता सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशिक्षण में ग्राम विकास कार्ययोजना, गैप चिन्हांकन एवं योजना संतृप्तिकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसमें विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं सहयोगियों तथा प्रेरक संस्थान (एनजीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण कराया जा रहा है। चिन्हांकित एनजीओ (प्रेरक संस्थान) के साथ समन्वय कर ग्राम विकास की योजना तैयार कर रहे है। साथ ही आदि सेवा केन्द्र संचालन संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत खेल का आयोजन

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा कोसमी में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य जागरूकता को ध्यान में रखते हुए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष बिस्वास के द्वारा किया गया जिनके साथ विभिन्न संकायों के विभागध्यक्ष उपस्थित रहे। इस मौके पर शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि खेलकूद जैसी गतिविधियाँ न सिर्फ़ सेहत के लिए आवश्यक है बल्कि विश्वविद्यालय के विकास एवं पहचान के लिए भी ज़रूरी हैं। इस





अवसर पर विभिन्न खेलों – वॉलीबॉल और बैडमिंटन, चेस एवं कैरम की प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग की प्रथम टीम में मुकेश, यश शर्मा, दिशांत साहू, खिलेश ठाकुर, हरिओम वर्मा और बंटी पटेल सम्मिलित रहे। द्वितीय टीम में कोमन कवर, वेदराम जगत, अमिताब बहादुर, छबिलाल नायक, वासुदेव बिस्वास और चिरंजीत बिस्वास शामिल थे। बालिका वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता की टीम में प्रियंका साहू, दिलेश सोम, लीना यादव और मोनिका यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजीव केसरिया बीएससी तृतीय सेमेस्टर तथा द्वितीय स्थान कोमन कवर बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मोक्षा बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर और द्वितीय स्थान देवकुमारी पीजीडीसीए को मिला। कैरम प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मोक्षदा केसरिया बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान तारणि साहू बीसीए तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान रोमा तृतीय सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। बालक वर्ग में प्रथम स्थान कोमन कवर बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान यश शर्मा बी.फार्मा सप्तम सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान वासुदेव बिस्वास डीई प्रथम सेमेस्टर रहे। इस कार्यक्रम के संयोजन कला एवं मानविकी संकाय के सहायक आचार्य डॉ अश्वनी कुमार साहू ने किया था।

# कांग्रेस कार्यकर्ता कामेश निर्मलकर को श्रद्धांजलि, विधायक ध्रुव ने दी सांत्वना

**राजिम।** रविवार को बरोंडा के दिवंगत कांग्रेस कार्यकर्ता स्वर्गीय कामेश निर्मलकर को श्रद्धांजलि देने के लिए बिंद्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव उनके निवास पर पहुंचे। इस श्रद्धांजलि सभा में अंचल के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक ध्रुव ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, कामेश निर्मलकर का जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित था। उनका असमय चले जाना हम सभी के लिए एक गहरा आघात है, जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। इस अवसर पर राजेश निर्मलकर, अरुण निर्मलकर, टिकेश्वर निर्मलकर, योगेश यादव, मालिकराम निषाद, चंद्रकांत निर्मलकर, भुनेश्वर सिन्हा, मुकुल सेन, लोचन सिन्हा, भानु निर्मलकर,



अशोक निर्मलकर, लीलाराम निषाद, कुलदीप घृतलहरे, भारत सिन्हा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय कामेश निर्मलकर को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत और शक्ति प्रदान करें।

**छुरा स्कूल में विशेष चरित्र निर्माण कक्षा का आयोजन**

# चरित्र निर्माण से होगा राष्ट्र निर्माण : दीपाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में रविवार को विशेष चरित्र निर्माण कक्षा का आयोजन किया गया। यह विद्यालय न केवल अति प्राचीन है, बल्कि दर्ज संख्या के मान से भी जिले का सबसे बड़ा विद्यालय माना जाता है। विद्यालय परिसर में वटवृक्ष की छांव तले गुरुकुल परम्परा के अनुरूप विद्यार्थियों को वैदिक व नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया गया। कक्षा में विद्यार्थियों को व्यवस्थित दिनचर्या, षोडश संस्कारों का महत्व, नशा उन्मूलन तथा जीवन में अनुशासन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और उसके दुष्प्रभावों पर भी बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अ नु शा स न , शिक्षकों की



सादगी व समर्पण, उनकी ज्ञानवर्धक शिक्षाएँ तथा विद्यालय की स्वच्छता और सुव्यवस्थित संचालन सभी को विशेष रूप से प्रभावित करता रहा। विद्यालय वास्तव में अपने नाम के अनुरूप आदर्श प्रस्तुत करता दिखा। प्रेरणास्पद कक्षा में बहन दीपाली सारस्वत ने कहा कि "राष्ट्र निर्माण की आधारशिला चरित्र निर्माण में निहित है। जब विद्यार्थी अपने जीवन में आदर्श गुणों को अपनाएंगे, तभी सतयुग की वापसी और सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा।" उन्होंने गायत्री महामंत्र की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को उसका जप करने की प्रेरणा दी।

### युग परिवर्तन में नवयुवकों की भागीदारी सबसे अहम

इसी क्रम में संध्या यदु ने भी बच्चों से संवाद करते हुए बताया कि युग परिवर्तन में नवयुवकों की भागीदारी सबसे अहम है। यदि युवा सही दिशा में अपने विचार और ऊर्जा लगाएं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना संभव है। विद्यालय परिसर गूंज उठा जब बच्चों ने सामूहिक रूप से गायत्री महामंत्र का उच्चारण किया। उनके चेहरों पर उल्लास और आत्मविश्वास झलक रहा था। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति के जीवन मूल्यों को मजबूत करने और राष्ट्र को नई दिशा देने का माध्यम है।




